(17)

**Dr. Anil Kumar Mahato**
**CHAIRMAN**

Gyandeep Campus, Bargawan,
Namkum, Ranchi – 834010
Ph.:- 0651-2261181, 7485093434
Fax – 0651-2261999,
Tollfree 1800-3456-523
Website- www.jac.Jharkhand.gov.in

स्मार–पत्र

**Ref:** JAC/CSSS/ Sch/74/18- CC – 81 /2022 **Date:**..19..12..2022

सेवा में,

कुलपति
राँची विश्वविद्यालय, राँची
नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा
बिनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग
सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका
विनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय, धनबाद
केन्द्रीय विश्वविद्यालय, राँची एवं
राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालय के प्राचार्य

**विषय :–** सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटी के संबंध में।

**प्रसंग :–** परिषद् पत्रांक– JAC/CSSS/SCH/74/18- 32/22 Date- 01.08.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ट करते हुए पुनः कहना है कि ''सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी'' के तहत् वैसे छात्र/छात्राएँ, जो 2022 में इंटरमीडिएट कला, विज्ञान या वाणिज्य की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हो, एवं **Top 20 Percentile** के अन्तर्गत आते हो वैसे सभी मेधावी छात्र/छात्राओं को उक्त छात्रवृत्ति भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाना है। इसके तहत् झारखण्ड राज्य हेतु कुल 1878 छात्र/छात्राओं को प्रतिवर्ष आच्छादित किया जाना है परन्तु जानकारी के अभाव में बहुत ही कम छात्र/छात्राएँ इसके लिए आवेदन कर पाते हैं। फलस्वरुप झारखण्ड राज्य का कोटा रिक्त रह जाता है।

इन छात्र/छात्राओं को MHRD New Delhi के द्वारा अग्रेत्तर अध्ययन हेतु स्नातक स्तर तक 12,000/- (बारह हजार) रुपये एवं स्नातकोत्तर स्तर तक 20,000 रुपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान किया जाना है। छात्रवृत्ति संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार के **National Scholarship Portal** पर उपलब्ध है। इसमे छात्र/छात्राएँ स्वयं **https://Scholarships.gov.in** पर login कर अपना ID बनाकर Data Submit कर सकते हैं। छात्रवृत्ति का भुगतान MHRD New Delhi के द्वारा DBT के माध्यम से सीधे लाभुकों के खाते में किया जाता है। इसके लिए Online आवेदन करने की **अंतिम तिथि दिनांक– 31/12/2022** अंतिम रुप से विस्तारित की गई है। इस आशय की सूचना परिषद् द्वारा सभी प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति संख्या– 56/2022 दिनांक– 23.08.2022 को विज्ञापन के रुप में प्रकाशित की गई है, परन्तु अद्यतन् एक भी आवेदन Fresh Scholarship के रुप में NSP Portal पर प्राप्त नहीं है, जबकि Renewal के रुप में 11 आवेदन NSP Portal पर प्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि इस संबंध में पुनः भवदीय स्तर से सभी छात्र/छात्राओं एवं महाविद्यालयों को एतद् विषयक दिशा–निर्देश देने की कृपा की जाय। हमें विश्वास है कि आपके सहयोग से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा झारखण्ड प्रदेश हेतु निर्धारित लक्ष्य 1878 की संप्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

अनुलग्नक– विज्ञप्ति की छाया प्रति

विश्वासभाजन

19/12/22
(डॉ० अनिल कुमार महतो)
अध्यक्ष
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
**JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI**

**सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के तहत् वर्ष 2022 में इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के आवेदन करने के संबंध में।**

**विज्ञप्ति संख्या– ............56............/2022**

सेन्ट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप स्कीम फॉर कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के तहत् वर्ष 2022 में झारखण्ड अधिविद्य परिषद् की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले ऐसे छात्र/छात्रा जो भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई विधि के अनुसार अपने संकाय (कोटिवार) में **Top 20th Percentile/above 80th Percentile of Successful Candidates in relevant stream** के अन्तर्गत आते हैं, वे इस आवेदन हेतु पात्र होंगे।

इस Scheme के तहत् सभी जानकारियाँ यथा संस्थानों के पंजीकरण (Registration) की प्रक्रिया, छात्रवृत्ति की राशि, Renewal की प्रक्रिया एवं शर्तें, Fresh आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवेदन करने एवं आवेदन Verification करने की अंतिम तिथि संबंधित सभी सूचनाऐं National e-Scholarship के Portal **(https://scholarships.gov.in)** से प्राप्त की जा सकती है।

- ❖ परिषद् द्वारा उक्त छात्रवृत्ति से संबंधित जानकारी मात्र उपलब्ध कराई जाती है। इस छात्रवृत्ति हेतु राशि DBT के माध्यम से सीधे लाभुक के खाते में **MHRD, New Delhi** के द्वारा हस्तांतरित किया जाता है। परिषद् की इसमें कोई भूमिका नहीं रहती है। अतः छात्रवृत्ति अप्राप्त रहने से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा परिषद् द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। झारखण्ड अधिविद्य परिषद् सिर्फ सूचना उपलब्ध कराने का एक माध्यम है।
- ❖ वर्ष 2022 की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राऐं New user के रूप में भारत सरकार के website **https://scholarships.gov.in** पर आवेदन करेंगे। इसके लिए आवेदक को अपने मो0नं0, ई0मेल0आई0डी0, अंक पत्र, खाता संख्या एवं आधार संख्या की आवश्यकता होगी। आवेदक Website पर वर्णित दिशा–निर्देश के अनुरूप आवेदन प्रपत्र भरेंगे।
- ❖ इस छात्रवृत्ति हेतु योग्य छात्र–छात्राओं की सूची परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
- ❖ आवेदन करते समय छात्र अपना इंटरमीडिएट का रौल कोड एवं रौल नं0 एक साथ (Total 10 digit) में लिखेंगे। अन्यथा आवेदन कर पाना संभव नहीं हो सकेगा।
- ❖ इसके पूर्व वर्षों की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण eligible छात्र–छात्राऐं **"Apply for Renewal Tab"** पर अपना आवेदन करेंगे एवं Website पर वर्णित दिशा–निर्देश के अनुरूप आवेदन प्रपत्र भरेंगे।
- ❖ छात्र–छात्राओं के द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.10.2022 है।
- ❖ छात्रवृत्ति से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्रवृत्ति कोषांग के **e-mail id-ntse.jac@gmail.com** या दूरभाष संख्या– 7485093439 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- ❖ नोट :– छात्र–छात्राओं से अनुरोध है कि वे बाधारहित छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु अपना आधार संख्या को बैंक खाते से **Seeding/Link** अवश्य करा लें।

इस संबंध में सूचना राज्य के सभी विश्वविद्यालय के कुलपति एंव अंगीभूत महाविद्यालयों को भी पत्र के माध्यम से दी जा चुकी है।

JAC/CSSS/SCH/74/18 – ~~64~~ Secy/642/22
Dt – 20/08/22
D.O.P. – 22/08/22

अध्यक्ष के आदेश से
सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

1.9.20 CSSS Online